अर्थ प्रकाश 14-1-26

# एसडी कॉलेज में आईबीएम के सहयोग से एआई पर दो सप्ताह का वैल्यू-एडेड कोर्स संपन्न

**डॉ. अजय शर्मा ने तकनीकी कौशल के साथ निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए किया प्रेरित**



चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज (एसडी कॉलेज) के पोस्ट ग्रेजुएट कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग द्वारा आईबीएम के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित दो सप्ताह का वैल्यू-एडेड कोर्स सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कोर्स में मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और जेनेरेटिव एआई जैसे आधुनिक और उभरते विषयों पर विशेष फोकस किया गया। आईबीएम के विशेषज्ञ रोहित पवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कोर्स में 26 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मंगलवार को आयोजित समापन समारोह में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा तथा पोस्ट ग्रेजुएट कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग की अध्यक्ष डॉ. रीना की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. अजय शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में उद्योग की आवश्यकताओं को समझना और उसके अनुरूप स्वयं को तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कौशल के साथ-साथ निरंतर सीखने की आदत ही विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बना सकती है। डॉ. शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कार्यक्रम छात्रों को न केवल रोजगारोन्मुख बनाते हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्र के विकास में भी सक्रिय योगदान देने योग्य बनाते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. रीना ने रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कोर्स समन्वयकों डॉ. शीतल और डॉ. श्रुति के प्रयासों की सराहना की। कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को पायथन प्रोग्रामिंग, चैटबॉट डेवलपमेंट, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और क्लाउड-आधारित प्रोजेक्ट्स पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

दैनिक जागरण 14/1/26

# एसडी कालेज में एआइ पर वैल्यू-एडेड कोर्स



एआइ पर आधिरक वैल्यू-एडेड कोर्स के दौरान संबोधन देते प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा • कालेज

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कालेज के पोस्ट ग्रेजुएट कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग ने आइबीएम के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) पर आधारित दो सप्ताह का वैल्यू-एडेड कोर्स आयोजित किया। इस कोर्स में मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। यह कोर्स आइबीएम के विशेषज्ञ रोहित पवार की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंगलवार को कोर्स का सफल समापन हुआ। प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा और पोस्ट ग्रेजुएट कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग की अध्यक्ष डा. रीना की गरिमामयी उपस्थिति रही। डा. अजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में मार्केट की जरूरतों को समझना और उन्हें पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल के साथ-साथ निरंतर सीखने की आदत

दैनिक सवेरा 14-1-26

# एसडी कॉलेज में आईबीएम के सहयोग से एआई पर दो सप्ताह का वैल्यू-एडेड कोर्स संपन्न

## डॉ. अजय शर्मा ने तकनीकी कौशल के साथ निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए किया प्रेरित

सवेरा न्यूज/नीना

चंडीगढ़, 13 जनवरी : जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 के पोस्ट ग्रैजुएट कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग द्वारा आईबीएम के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस (एआइ) पर आधारित दो सप्ताह का वैल्यू-एडेड कोर्स आयोजित किया गया। इस कोर्स में मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों पर विशेष फोकस किया गया। यह कोर्स आईबीएम के एक्सपर्ट रोहित पवार की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंगलवार को कोर्स का सफल समापन हुआ। समापन समारोह में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा और पोस्ट ग्रेजुएट कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग की अध्यक्ष डॉ. रीना की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में मार्के ट की जरूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने के लिए ऐसे एडवांस्ड और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्स अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल के साथ-साथ निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व पर जोर दिया और वर्तमान दौर में निरंतर सीखते रहने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्र मों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को चुनौतीपूर्ण करियर के लिए तैयार करना और उन्हें राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाना है। डॉ. रीना ने रिसोर्स पर्सन के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत कर कार्यक्र म का समापन किया। उन्होंने कोर्स समन्वयकों डॉ. शीतल और डॉ. श्रुति के समर्पित प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में ऐसे और नवाचारी सहयोगों की संभावना को लेकर आशा व्यक्त की।





कोर्स में हिस्सा लेते छात्र, अतिथि का वेलकम करते प्रिंसिपल।

दिव्य हिमाचल 14-1-26

# एसडी कालेज के छात्रों ने जानी एआई तकनीक

## महाविद्यालय में वैल्यू एडेड कोर्स का समापन, स्टूडेंट्स को किया जागरूक

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़

चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पोस्ट ग्रेजुएट कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग द्वारा आईबीएम के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित दो सप्ताह का वैल्यू एडेड कोर्स आयोजित किया गया। इस कोर्स में मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों पर विशेष फोकस किया गया। यह कोर्स आईबीएम के एक्सपर्ट रोहित पवार की देखरेख में संपन्न हुआए जिसमें 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंगलवार को कोर्स का सफल समापन हुआ। समापन समारोह में कॉलेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा और पोस्ट ग्रेजुएट कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग की अध्यक्ष डा. रीना की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में मार्केट की जरूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने के लिए ऐसे एडवांस्ड और इंडस्ट्री ओरिएंटेड कोर्स अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल के साथ-साथ निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व पर जोर दिया और वर्तमान दौर में निरंतर सीखते रहने की आवश्यकता को रेखांकित किया।



चंडीगढ़। सेक्टर-32 में चीफ गेस्ट को सम्मानित करने का दौर